भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

सुरक्षा सहित सेवा

उत्तरी क्षेत्र (क्षेत्रीय मुख्यालय), पालम मे

हिन्दी अनुवादकों की भर्ती हेतु

क्षेत्रीय मुख्यालय, उत्तरी क्षेत्र, पालम तथा विभिन्न अन्तर्देशीय हवाई अड्डों पर रु. 6300–180–8460–200–12060 के वेतनमान तथा भत्तों पर वरिष्ठ सहायक (राजभाषा–हिन्दी अनुवादक) के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पदों की संभावित संख्या 4 है, जिनमें 2 पद अन्य पिछड़े वर्ग तथा 2 पद अनारक्षित हैं (इनमें से एक पद शारीरिक रूप से विकलांग– एक पैर, एक हाथ से विकलांग) या (सुनने की क्षमता–आंशिक बहरापन) के लिए हैं)। शारीरिक रूप से विकलांग की श्रेणी के अन्तर्गत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए उपर्युक्त उल्लिखित शारीरिक अक्षमता / कमी न्यूनतम 40% होनी चाहिए। रोजगार के उद्देश्य से सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रोफार्मा में अपंगता का एक प्रमाण–पत्र आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा। इन पदों के लिए पात्रता मानदण्ड निम्नानुसार हैं।

1. आयु : 01–05–2006 को 18–30 वर्ष (सरकारी नियमों के अनुसार अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. / शा.वि. / भूतपूर्व सैनिकों के लिए छूट)।

2. शैक्षणिक योग्यता / अनुभव :–हिन्दी में स्नातकोत्तर डिग्री सहित स्नातक स्तर पर अंग्रेजी एक विषय या अंग्रेजी में स्नातकोत्तर डिग्री सहित स्नातक स्तर पर हिन्दी एक विषय।

या

हिन्दी / अंग्रेजी के अलावा अन्य किसी विषय में मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री जिसमें हिन्दी या अंग्रेजी अनिवार्य / इलैक्टिव विषय हो या इनमें से कोई एक भाषा परीक्षा का माध्यम हो व दूसरी भाषा स्नातक स्तर पर अनिवार्य / इलैक्टिव विषय के रूप में हो।

या

हिन्दी / अंग्रेजी के अलावा अन्य किसी विषय में मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री जिसमें हिन्दी या अंग्रेजी अनिवार्य / इलैक्टिव विषय हो या स्नातक स्तर पर अंग्रेजी / हिन्दी, अनिवार्य / इलैक्टिव विषय हो या परीक्षा का माध्यम हो।

या

मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी एवं अंग्रेजी अनिवार्य / इलैक्टिव विषयों के साथ स्नातक डिग्री या हिन्दी व अंग्रेजी विषयों मे से एक परीक्षा का माध्यम व दूसरा विषय अनिवार्य / इलैक्टिव विषय के रूप मे हो + हिन्दी से अंग्रेजी एवं अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद में मान्यता प्राप्त डिप्लोमा / सर्टिफिकेट कोर्स या भारत सरकार के उपक्रमों सहित केन्द्र / राज्य सरकार के कार्यालय मे हिन्दी से अंग्रेजी तथा अंग्रेजी से हिन्दी मे अनुवाद कार्य का 2 वर्ष का अनुभव।

आवेदन कैसे करें :

उपर्युक्त शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवार नीचे दिए गए प्रोफार्मे में अपना आवेदन "महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक का कार्यालय (उत्तरी क्षेत्र), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, पालम, नई दिल्ली–110037 को किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से 100 / – रुपये (एक सौ रुपये) के डिमांड ड्राफ्ट जो "भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (उत्तरी क्षेत्र)" के पक्ष में हो तथा पालम में देय हो, के सहित इस प्रकार भेजें कि वह आवेदन इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर पहुँच जाये। अ.जा. / अ.ज.जा. के उम्मीदवारों को फीस के भुगतान से छूट होगी। आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज / प्रमाणपत्र भी संलग्न करें। सरकारी / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के कर्मचारी अपना आवेदन उचित माध्यम द्वारा भेजें।

1. रु 100 / – का डिमांड ड्राफ्ट
2. शैक्षणिक योग्यता / प्रत्येक वर्ष की अंक तालिका की फोटो प्रतियां / जन्मतिथि प्रमाण हेतु प्रमाण पत्र।
3. निर्धारित प्रोफार्मा मे अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. के प्रमाण की फोटो प्रति ।
4. पासपोर्ट आकार की तीन नवीनतम् फोटोग्राफ (एक फोटो सामने विधिवत रूप से हस्ताक्षर करके आवेदन पत्र पर चिपकाएं तथा अन्य दो फोटो के पीछे हस्ताक्षर करके आवेदन पत्र के साथ स्टैपल करें) अपूर्ण आवेदन / देय तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र को बिना किसी भावी पत्राचार के रदद् कर दिया जाएगा।

आवेदन प्रोफार्मा

नवीनतम् फोटो चिपकाएं

1. आवेदक का नाम ....
2. जाति / श्रेणी / ब्यौरा : कोड (सामान्य–0, अ.जा.–1, अ.ज.जा.–2, अ.पि.व.–3)
3. जन्म तिथि ....
4. शैक्षणिक योग्यता

परीक्षा का नाम	विश्वविद्यालय का नाम	परीक्षा उत्तीर्ण करने का माह व वर्ष	मुख्य विषय	वैकल्पिक विषय	अंको का प्रतिशत

5. अनुभव (यदि कोई हो, संक्षेप मे)..
6. पिता का नाम..
7. क्या वर्तमान मे सरकारी / सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम / स्वायत्त निकाय मे कार्यरत है तो अपने पद का ब्यौरा..
8. डिमांड ड्राफ्ट सं.................. दिनांक.................. जारीकर्ता (बैंक)..................
9. पता..

पिन कोड..

मै एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ कि उपर्युक्त सूचना मेरी जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है।

दिनांक ....

हस्ताक्षर

Size: 25(H) X 3 (W) col. cm